Yuvadrishti

An offering at the lotus feet of our Divine Mother by the Yuvashakti

Volume 4
Issue 3

September
2003



Contents...

भक्ति और शक्ति का संतुलन 2
- हनुमान पुजा १९९१, पुणे

"सबका मालिक एक" 4

हल्दीघाटी के योद्धा 7

Tere Ishk Nachaya,
Karke Thayyan Thayya 10

माहूर पीठ 13

The Divine Feminine
In Islam 15

उल्टा कुँआ – संत कबीर 18

Cover page & Sketches : Nitya Sapte

शक्ति और भक्ति का संतुलन

– हनुमान पुजा १९९१, पुणे.

"....हनुमानजी के अनेक किस्से हैं जिनमें उन्होने सिध्द कर दिया कि वे प्रेम का सागर हैं; और उसी वक्त जो दुष्ट हो, जो दुसरों को सताता है, जो दुसरों को नष्ट करता है उसका वध करने में उनको बिल्कुल किसी तरह का संकोच नही है।..."

"....वो जानते थे कि रावण सिर्फ आग्नि से डरता है । इसलिये वह लंका गए और लंका दहन कर दिया । ये उनकी शक्ति की बात है कि उन्होने लंका दहन कर दिया । और उस दहन में किसी को मारा नही, किसी को जलाया नही । रावण भी जला नही । कोई नही जला । पर उससे दहशत हो गई (बहुत) । लोग घबरा गए कि रावण ये क्या पाप कर रहा है । रावण जो इस तरह के कार्य कर रहा था, पहले लोगो मे संमत था । वो कहते भाई ये रावण ही है; जो है सो है । इसकी इच्छा जो है, इसको जो करना है सो करने दो, हम इसको कहने वालें कौन होते है? रावण तो रावण ही हुआ, लेकिन जब; कितनी समझदारी की बात है कि जब लंका जल उठी , जब लंका का दहन हो गया, तब लोग समझ गए कि ये तो बडी खतरनाक बात है, बडी घबराने की बात है । क्योकि लंका दहन हो गया, और अगर हम लोग जल गए होते तो ? अब आग की विशेषता यह है कि वह उपर जाती है, नीचे नही आती । सब लोग नीचे से उपर देख रहे थे कि जल रही है, जल रही है, जल रही है । पर पुरा लंका दहन हो गया लेकिन कोई जला नही । ये डराने के लिये नही, उनको समझाने के लिये कि रावण महापाप कर रहा है, उन्होनें ये काम किया । कितनी समझदारी और कितना संतुलन बजरंग बली में था, ये देखना चाहिये ।...."

"...यही हम देखते हैं इतिहास में भी । जितने लोग शक्तिशाली बहुत थे, उनमें अत्यन्त प्रेम था । गर आप देख लीजिये तो शिवाजी महाराज का एक उदाहरण है, कि वो इतने शक्तिशाली थे और उतने ही, बहुत तमीज़दार, बहुत कायदे के और बहुत ही ज्यादा संयमित आदमी थे। ये संतुलन जब आप में आ गया तब आप सहजयोगी हैं । गर आप के अंदर शक्ति आ गई, इसका मतलब ये नही कि आप अपने प्रेम और व्यवहार; उसको किसी तरह से त्याग दें ।...."

".... ये जो आपके अन्दर शक्तियाँ आ गई हैं, इसका इस्तमाल इसी लिये करना चाहिये कि जिससे, जो दुष्ट हैं वो खत्म हो जाए। लेकिन आप की शक्ति हाथ में तलवार या गदा नही हनुमानजी जैसे; बाह्य में गदा नही है, पर अन्तर में है।..."

"....आपको पता नही कि वो आप के आगे – पीछे खडे हुए हैं। है तो उनका (श्री हनुमानजी का) स्वभाव बच्चों जैसा; बहुत निर्मल और बहुत सरल, लेकिन इतनी समझदारी; और हर तरह की खूबीयाँ वो जानते हैं। इसका मतलब है कि उनकी शक्ति के साथ उनके अन्दर नीर – क्षीर वीवेक बहुत था। बडे ही बुद्धिमान थे। आजकल की बुद्धि तो बिलकुल बेकार है; पर वो बुद्धि कि जो प्रेम से हरेक चीज को जाँचे, और समझे; उस बुद्धि के एक विशेष स्वरूप श्री गणेश थें और श्री हनुमान हैं। दोनो मे विशेषता ऐसी है कि हनुमानजी बहुत बलिष्ठ, बहुत तेज, ऐसे देवता हैं और श्री गणेश ठंडे हैं। लेकिन दोनों जब वक्त पडता है; तो बहुत बडे 'संहारक'। सहज योगियों को संहार करने की जरूरत नही। किसी का संहार करने की जरुरत नही; बस आप ये सोच लीजिये कि आप के साथ ही ये दोनों हर पल हर क्षण है। जब भी आप को कोई परेशान करे, तंग करे, तो साक्षात आपके संरक्षक आपके साथ खडे हैं।...."

"...सहज योगियों की security उनके साथ ही चलती है। और दूसरी security जो चलती है वो है गणों की। अब इनका कार्य बहुत ज्यादा विविध है; तरह तरह के, छोटे छोटे काम भी करते हैं। और यही है कि श्री गणेश को (वो गणपति है) उनको सब खबर देते हैं आपके बारे में कि क्या हो रहा है, कहाँ पे गडबड हो रहा है, कहाँ से आप पर आक्रमण हो रहा है। कहाँ से आप को तकलीफ हो रही है। आप पर हमला करना चाहे, तो भी नही होंगे, कोई आज्ञात रूप से भी आप पर हमला करना चाहे, तो भी ये दोनों देवता आपके साथ खडे हैं। और जब गणपति ये बात बता देते है; तो श्री हनुमान सज्ज हो जाते हैं । तो सहज योगियों को डरने की कोई

"Now, you have to purify your attention in such a way that you meditate within yourself, that you settle within, see what you are, see this beauty which is yours, this glory of yours, see the subtlety."

-H.H. Shri Mataji Nirmala Devi

जरुरत ही नही है। किसी भी चीज़ से डरने की जरुरत नही है।..."

"....इस आपके नए परिवर्तन से आप एक महान भक्त और शक्तिपूर्ण ऐसे इन्सान हो गए। अब किसी की मजाल नही कि आप को छू ले।..."

"...पहले भी सन्त - साधु थे। सब को सताया गया, छला गया, सब कुछ हुआ पर जितना भी लोगों ने छला या सताया, वो डिगे नही; और इतना ही नही, उनका हमेशा संरक्षण हुआ।..."

"...बस समझ लीजिये कि आपके आगे-पीछे हर तरह के संरक्षण हैं। पर इस संरक्षण के मिलते ही, मनुष्य में क्या होना चाहिये, सहज योगी में क्या होना चाहिये? वो धीर-गम्भीर और किसी से डरने वाला इन्सान नही होना चाहिये। वो किसी से भागता नही। जम जाता है उस जगह। और जो कोई भी दुष्ट आदमी है, उसके सामने डँट जाता है। उसको कुछ करने की जरुरत नही। वो जमाना गया अब। अब तो आप बस खडे हो जाएँ, वो दूसरा भाग जाएगा; उसको पता नही चलेगा क्या हो रहा है।..."

"....तो सोचना चाहिये कि हनुमानजी साक्षात हमारे अन्दर बसते हैं। वो हमारे Right side में, माने पिंगला नाडी पर काम करते हैं। पिंगला नाडी पर काम करते हैं और हमारे अंदर जोश भरते हैं। और उससे उष्णता भी आती है इन्सान में। पर उनका मार्ग ऐसा है कि आपके अंदर उष्णता भी आए और भक्ति भी साथ-साथ चले। सो जो वो उष्णता आती है, जो दोष आता है, वो हमारे अंदर Right side में काम करता है। और जब हम हनुमानजी की सन्तुलन शक्ति को प्राप्त नही करते हैं, तो हमारे यहाँ अनेक बीमारियाँ आ जाती हैं।...."

"....हनुमानजी गर्मी को control करते हैं। पर जब ये गर्मी नीचे जाती है, तो ऐसी-ऐसी बीमारियाँ होती हैं, जिनका कोई इलाज नही हो सकता।...."

"....कभी गर हमें गुस्सा आया; कोई जरुरत नही है गुस्सा आने की, पर आया गुस्सा तो लगे मारने-पीटने इसको उसको, हंगामा करने; ये फिर हनुमानजी की शक्ति नही है। कोई गुस्सा करने की बात ही नही है। किसी पर नाराज़ होने की बात ही नही है। जरुरत ही नही है: अगर आप हनुमानजी को मानते हैं तो। वो किसी पर गुस्सा नही करते।..."

"....सहज योग में आने पर आपको समझना चाहिये कि हनुमानजी का आप के सामने एक आदर्श है। गणेशजी का है ही, वो तो अबोधिता के बिल्कुल अवतार है: जैसे छोटे बच्चे होते हैं, वेसे ही भोले-भाले हैं; लेकिन बुद्धि के बहुत चाणक्ष हैं। और हनुमानजी के अन्दर एक सन्तुलन, एक प्यार भरा आनन्द, और उसी के साथ-साथ शक्ति दर्शन। ये सब चीज़ो को समझते हुए एक सहज योगी का जीवन ऐसा होना चाहिये कि बिल्कुल संतुलित। आपको जब गुस्सा भी आता है तो आप चुप हो कर देखिये।..."

"....अब जो इन्सान कार्य करता है, बहुत आगे की सोचता है और बहुत विचारक है, सब है; पर प्रेम नही है, सब के प्रति प्रेम की भावना नही है, उसको भी इसकी तकलीफ होती है।..."

"....गर आप बडे कार्यकर्ता है; बहुत बढिया आदमी हैं, सब कुछ हैं, लेकिन आपको सबके प्रति प्रेम नही है: चलने नही वाला। सबके प्रति प्रेम रखना। और इसी लिये ईसा मसीह ने कहा है, कि सबको माफ करिये। आप कौन होते हैं माफ ना करने वाले। जहाँ गर्मी हुई, लोगों की खोपडी खराब हो जाती है, और प्यार का मज़ा टूट जाता है।...."

Kaushik Panchal
RATILAL & SONS
All kind of Textile Accessories
Ahmedabad.
Ph. 2748183 (O)
3739017 (R)

"सबका मालिक एक"

"यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत ।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ॥
परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम् ।
धर्मसंस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे ॥"
–भगवान कृष्ण, भगवत्गीता

Lord has sent his saints and sages in different forms, who are his representatives and who appear at proper times. When spiritual preceptors are not respected but humiliated, when there is an overall decay in moral standards, when under the cloak of religion, people belonging to different sects fight among themselves, thus turn away from the true path of salvation, then do saints and incarnations appear and try to correct things by their power of love. One such incarnation who blessed human race was Sai Baba.

The primordial master, "the teacher", often visited us to guide our race on the central path of dharma. Lord Dattatreya led mankind through the void of the ocean of illusion. He incarnated many times as Raja Janaka, Abraham, Moses, Zarathustra, Socrates, Confucius, Lao-tze, Mohammad, Guru Nanak. His last incarnation manifested in the human form of Shri Sai Baba of Shirdi. The ten incarnations of the primordial master mark the perimeter of Void in our subtle system for the seeker, in the same way that the lighthouses on the coast light up the way for the navigator. The primordial master's location in our body corresponds to the void between the parasympathetic vagus nerve and solar plexus.

Photograph taken in 1916

Shri Sai Nath expressed in words:

"I am god, I am Mahalaxmi, I speak the truth, sitting as I do in the mosque. I am Vithoba, I am Ganpati. All offerings made to Ganpati have reached me, I am Dattatreya. I am Laxmi Narayan. Why go for Ganga elsewhere, hold your palm at my feet, here flows Ganga. I am Maruti."

In this statement Shri Dattatraya incarnate clearly hints at the oneness of the virata and at the flow of vibrations that, we have experienced at the Lotus Feet of H.H. Shri Mataji Nirmala Devi.

" I give the people what they want in hope that they will begin to want what I want to give them. "

- Shirdi ke Sainath.

Sai Nath was born into the Indian culture which has the history and tradition of great saints and gurus, especially in the state of Maharashtra. Sai is a Persian word meaning 'Saint' and baba is a Hindi term of endearment and respect meaning 'father'.

It is thought that he was born to a middle class Brahmin family in the state of Hyderabad (now Andhra Pradesh). His parents died while he was young and a Muslim fakir gave him shelter. A few years later, the fakir who was a spiritual person died and Sai Nath learned under a Hindu guru, whom he called 'Venkusa of Selu'.
Sai Nath is believed to be born in 1856, and first came to Shirdi as a lad of 16, living under a Neem tree with a begging bowl as his sole possession. Shirdi, which Sai Nath chose to be his abode, is situated in Maharashtra almost on the banks of holy Godavari River, in the vicinity of Ahmednagar.

Sai Nath emphasized the beauty of a life guided by a guru. He said that without the subtle intimacy and guidance of the guru, limitations can not be transcended and ones own self is over shadowed by ego. A firm faith in a guru according to Sai Nath is the highest sadhana. Surrendering to the divine would reveal ones true life.

Sai Nath had a way of touching the head of the devotee who went to him, sometimes he pressed his hand heavily on the head as though crushing out some of the lower impulses of the devotee. All of his actions, be it grinding flour, washing pots, even smoking at times were for sucking in the badhas of his disciples. From the fire, Sai Nath sat by, he gave 'udhi' (sacred ash) for most cures. The remarkable healing power of this udhi is very famous. The fire element has tremendous powers of clearing, and Sai Nath perpetually kept this fire lit specifically for this reason. This fire till date continues to burn in Shirdi.

VANADEVI
Ayurvedic Health Products Pvt. Ltd.
E-mail:vanadeviayur@rediffmail.com
8, Chandragupt Soc.,
Paud Road, Kothrud, Pune.
Tel. : 5286722, 5286135

Sai Nath used to light oil lamps in the mosque he resided. This oil he used to get from the shopkeepers. Once the shopkeepers, to have some fun refused to give him oil. Baba without any complaints returned to the mosque. The shopkeepers followed him to see what he would do without the oil. Baba nonchalantly poured water from an earthen pot into the lamps and lit them, the lamps burned with water as they did with oil. Seeing babas control over nature's elements the shopkeepers were filled with awe, and felt terribly sorry about their mischief. They recognized Baba and humbly prostrated at his feet.

Sai baba lived in Shirdi for about 60 years and during this long period he used to grind wheat in a hand mill, almost everyday. This grinding, it appears, had philosophical meaning attached to it. Grinding it was, but not of wheat alone, but also of sins, mental and physical afflictions and the miseries of human beings. The two stones of his mill consisted of bhakti and karma, former being the lower one and latter the upper one. The handle with which baba worked the mill signified gyan (knowledge). It was babas' firm conviction that knowledge and self realization is not possible unless there is a prior act of grinding all our impulses, sins, desires and ahamkara which is so subtle and therefore so difficult to get rid of.

Once when cholera epidemic was on a rise in the villages surrounding Shirdi where baba resided, he asked his devotees to take the flour that he grounded himself out of wheat and spread it around the border limits of the village. Subsequently the epidemic did not enter Shirdi and it slowly subsided. Although it appears to be a miracle, but it was only a natural working of Baba's love.

Baba never fasted himself, nor did he allow others to do so. He believed that the mind of a person who fasts is never at ease, then how could he attain his parmarth (ultimate goal)? God is not attained with an empty stomach. First the soul has to be appeased. If there be no moisture of food in the stomach and nutrition, with what eyes would we see God? With what tongue would we describe his greatness? And with what ears would we hear the same? In short, when all our organs get their proper nutrition and are sound we can practice devotion and sadhana to attain god. Therefore neither fasting nor overeating was encouraged by Sai Nath. Moderation in diet, he said, is really wholesome, both to the body and mind.

It is also noticeable that Sai Baba did not wish his followers to renounce the world and go forth as sanyasis. The general interest he showed in the family life and problems of his devotees, their jobs, marriages and children, is clear evidence that he wished them to develop inwardly through the medium of family life.

Sai Nath lived in the times when India's freedom movement was on a move. Freedom of Bharat Mata from the clutches of British rule was not only politically significant but also had tremendous spiritual significance. Later, it was from this land that light of spirituality had to propagate in the whole world. British rule of that time employed the corrupt ways of dividing the Indians on the grounds of religion and thus attempted to suppress the freedom movement. Sai Nath, who had followers from both religions,

Continued on pg. 14.....

"दूसरों के दोषों के विषय में सुनना सहजयोग में अपराध है। हमें ध्यान देना चाहिये कि कितनी मधुरता से हम बोल सकते हैं।"

Shri Y.P. Singh

C-316 A, Sector 10,
Noida

हल्दीघाटी के योद्धा

विधाता बहुत कम लोगों को आजीवन संघर्ष की नियति प्रदान करता है। मेवाड के महाराणा प्रताप की नियति में कुछ ऐसा ही था। वे उन में से थे जो काल के सर्वग्रासी सामर्थ्य का तिरस्कार करते हुए आज भी अपनी विमल कीर्ति अक्षुण्ण बनाये हुए है। वे जन्मतः आत्म-साक्षात्कारी थे।

महाराणा उदयसिंह की पटरानी जयवन्ती से जन्मे प्रताप ज्येष्ठतम पुत्र होने के कारण परम्परा के अनुसार युवराज और भावी महराणा थे। जयवन्ती स्वभावतः ही सात्विक व वीरों का सम्मान करने वाली थी।

प्रताप बचपन से ही गहन, विनम्र तथा सूझ थे। तेजस्वी प्रताप युवा होने तक सैन्य संचालन तथा शस्त्र विद्या में पारंगत हो, अप्रतिम योद्धा बन गए थे। शारीरिक रूप से भी वे अत्यंत शक्तिशाली थे। (उदयपुर के संग्रहालय में एक लौह कवच सुरक्षित रखा है; ये कवच महाराणा प्रताप युद्ध में पहनते थे। जिसका वजन लगभग १४० किलो तक है। आज के समय में शायद ही कोई इस भारी-भरकम कवच को पहनकर चल भी पाए।)

प्रताप अत्यन्त शूर तथा बुद्धिमान होने के साथ ही साथ अत्यंत विनम्र होने के कारण प्रजा तथा दरबार में सामंतों के बीच अत्यन्त लोकप्रिय थे। लोग उन पर अपनी जान छिडकते थे।

महाराणा उदयसिंह की मृत्यु के समय घटित कुछ घटनाक्रम के परीणाम स्वरूप उनकी मृत्यु के पश्चात प्रताप के सौतेले भाई जगमल का महाराणा बनना तय हुआ।

इन घटनाक्रम के विषय में विभिन्न स्रोतों से भिन्न-भिन्न मत मिलते हैं। कुछ के अनुसार प्रताप भावनावश पिता की अर्थी के साथ गढ से बाहर चले गए, जो कि मेवाड की परम्परा से हट कर था। परम्परा के अनुसार मेवाड के शासक भगवान एकलिंग माने जाते थे तथा महाराणा उनके दीवान माने जाते थे। महाराणा की मृत्यु के पश्चात उनके उत्तराधिकारी को गढ में ही रहकर महाराणा का पद संभालना होता था, अतः नए महाराणा अपने पिता के अंतिम-संस्कार में शामिल नही हो सकते थे। कुछ और स्रोतों के अनुसार उदयसिंह अपनी दुसरी पत्नी से अधिक प्रेम करते थे, अतः उन्होनें उससे हुए पुत्र जगमल को मृत्यु से पहले अपना उत्तराधिकारी घोषित किया। जगमल आरामप्रिय तथा विलासी प्रकृति का था। अतः उसके महाराणा बनने की बात से सभी को सदमा लगा।

किन्तु सामन्तों ने एकजुट होकर निर्णय लिया। वे महल में गए और राजसिंहासन पर बैठे जगमल का हाथ पकडकर उसे उठाते हुए कहा, "छोटे भाई होने के कारण आपका स्थान राजगद्दी के सामने है।" इसके बाद प्रताप का राज्याभिषेक हुआ।

इसमें सामन्तों का विवेक लक्षित होता है। परम्पराओं को तोडते हुए, हित ध्यान में रख कर, उन्होनें एकजुट हो मेवाड के हितार्थ प्रताप के महाराणा बनने का मार्ग प्रशस्त किया। राज्याभिषेक के बाद प्रताप महाराणा तो बने, किन्तु उनका जीवन किसी महाराणा के बजाय वनवासी की तरह अधिक बीता। दृढ चरित्र वाले तथा गणों द्वारा सुरक्षित जन्मतः आत्मसाक्षात्कारी महाराणा प्रताप नें आजीवन संघर्ष किया और परतंत्रता कभी स्वीकर नही की। इसीलिए इतिहास में उन्हें स्वतंत्रता का अनन्य पुजारी कहा, तथा स्वीकारा जाता है। उनका शत्रु भी उनका सम्मान करता था। वो चाहता था कि महाराणा उसके अधीन हो कर उसकी फौज का नेतृत्त्व करे। अगर महाराणा प्रताप अपने जीवन में कभी भी उसकी बात मान लेते तो सारे दुःख दूर हो कर वे पूर्णतः आराम-भरा जीवन व्यतीत कर सकते थे। किन्तु जीवन अत्यन्त कठिन हो जाने के बाद भी महाराणा प्रताप नें स्वतंत्रता को सर्वोच्च माना।

प्रताप को विरासत में मेवाड का छोटा सा भाग मिला था। राजपूताना के अन्य सभी राज्यों द्वारा अकबर की अधीनता स्वीकार कर लेने के कारण मेवाड चारों ओर से विरोधियों से घिरा हुआ था। अकबर बादशाह की साम्राज्यवादी महत्त्वाकांक्षाओं के रास्ते में आने वाली हर वस्तु/व्यक्ति को वो निर्ममता से कुचल देता था। किन्तु अकबर को बहुमूल्य वस्तुओं / लोगों की कद्र करने के लिए भी जाना जाता है। महाराणा प्रताप की वीरता तथा चरित्र वो भी जानता था, और चाहता था कि राजपूताना का सबसे वीर पुरूष उसकी सेना का नेतृत्त्व करे। इसलिए अपनी अधीनता स्वीकार कर चुके कई राजपूतों को उसने महाराणा को

समझाने के लिए प्रस्ताव लेकर भेजा। ये प्रस्ताव समझौते ना होकर अधीनता के होते थे।

उदयसिंह के शासन काल में शहंशाह अकबर ने आक्रमण कर मेवाड के प्रतीक चित्तौडगढ को घेर लिया था। पाँच माह के पश्चात जब गढ अन्न-जल आदि से रिक्त होने लगा तो राजपूत योद्धा मुगलो से अंतिम युद्ध करने की तैयारी करने लगे। लगभग तीन सौ राजपूत रमणियों नें अग्नि देवता को प्रणाम कर अपनी पवित्रता की रक्षा के लिये स्वयं जौहर कर लिया। उधर राजपूत वीर भी युद्धभूमि में प्राणोत्सर्ग का संकल्प लेकर गढ के बाहर निकल शत्रु पर टूट पडे तथा उनका संहार करते-करते स्वयं भी वीरगति को प्राप्त हुए।

गढ में प्रवेश करने के बाद अकबर को ना तो राजकोष मिला, ना उदयसिंह, ना उनका रनिवास। विक्षुब्ध होकर उसने दुर्ग में मिलने वाले हर आदमी को कत्ल करने का हुक्म दे दिया। कहा जाता है कि इसके बाद तीस हजार अबाल-वृद्ध, नर-नारी नृशंसतापूर्वक मार दिये गए। ये सभी चित्तौड के नागरिक अथवा आस पास के गाँवो से दुर्ग में शरण लेने आए हुए लोग थे। इससे भी क्रोध शांत ना होने पर अकबर नें आसपास के प्रसिद्ध पूजन स्थानों को ढहाकर मिट्टी में मिला दिया।

चित्तौड में हुए इस तीसरे जौहर, अनेक श्रेष्ठ वीरों के मातृभूमि के लिये किये बलिदान तथा अकबर के हुक्म से हुए इस नृशंस कत्ले-आम ने प्रताप को झकझोर ही दिया था। ऐसे क्रूर हत्यारे और मानवता के शत्रु से तो मित्रता भी पाप थी, तो उसकी और अधीनता स्वीकार करना तो कल्पना से भी परे था।

अकबर से युद्ध होना अवश्यम्भावी जान, महाराणा प्रताप राजसी जीवन का त्याग कर चुके थे। सोने-चांदी के बर्तनों में भोजन करना बंद कर दिया और अपनी सेना के सैनिकों जैसा सादा जीवन बिताना शुरू कर दिया। अपने योद्धाओं की तरह ही वे ठोस जमीन पर सोने लगे। उन्होने प्रण किया कि जब तक पूर्ण मेवाड स्वतंत्र नही होता, वे ऐसा ही जीवन व्यतीत करेंगे।

आक्रमण हुआ । मुगल फौज का सेनापतित्त्व एक राजपूत, मानसिंह कर रहा था। यह फौज संख्या में महाराणा प्रताप की सेना से कई गुना अधिक थी। हल्दी घाटी के युद्ध के कुछ दिन पहले मानसिंह थोडे से सैनिकों के साथ शिकार करने निकला। सूचना मिलने पर महाराणा प्रताप को अरक्षित मानसिंह को पकडने / मारने का परामर्श दिया गया। किन्तु धर्म परायण महाराणा ने परामर्श अस्वीकार कर दिया। ये उनके विश्वास, दृढता तथा स्थिरता का सूचक है। नाथद्वार से पंद्रह किलोमीटर दूर, गोगुंदा और खणौर के मध्य, मेवाड की सीमा में दुर्गम पहाडी घाटियाँ है। यहाँ की मिट्टी हल्दी की तरह पीले रंग की है। इसलिये इसे हल्दी घाटी कहा जाता है। मेवाड की सेना ने यहीं पर मोरचा जमाया। १५७६ के जून माह की भीषण गर्मी में हल्दी घाटी का युद्ध हुआ। लगभग तीन घंटे की अवधि का हल्दीघाटी का युद्ध विश्व का सबसे कम अवधि का सबसे भयानक युद्ध था। प्रारंभ में, प्रबल मेवाडी आक्रमण से मुगल सेना के पैर उखड गए। किन्तु एक झुठी मुनादी करने से कि खुद अकबर बडी फौज लेकर आ रहा है, भागते हुए मुगल सैनिक फिर से लढाई करने लगे। इस घमासान युद्ध में महाराणा प्रताप शाही सेना के मध्य हाथी पर सुरक्षित बैठे मानसिंह के सामने जा पहुँचे। मौका पाते ही उनके प्रिय तथा अत्यन्त प्रसिद्ध व स्वामीभक्त घोडे चेतक ने अपने अगले पैर हाथी के मस्तक पर टिका दिये। किन्तु मानसिंह महाराणा के वार से बच गया और महाराणा चारों ओर से शत्रुओं से घिर गए। घमासान युद्ध में निरन्तर प्रहारों से महाराणा और चेतक जर्जर हो चले थे। महाराणा के प्राण संकट में देख झाला मान तलवार से रास्ता बनाते हुए वहाँ पहुँचे और महाराणा का छत्र-चंबर छीनकर अपने सिर पर रखते हुए उन्हें सुरक्षित निकल जाने की शपथ दे कर शत्रु पर टूट पडे। और वीरता से लढते हुए वीर गती को प्राप्त हुए। महाराणा प्रताप को झाला मान की शपथ के कारण तथा मेवाड के हितार्थ युद्ध से जाना पडा। बुरी तरह घायल चेतक अपने स्वामी को सुरक्षित दूरी पर पहुँचाने के बाद चल बसा।

'मुन्तुखुब तवारीख' का लेखक अलबदायूँनी भी युद्ध में मुगल सेना की ओर से शामिल था। इस बीच महाराणा प्रताप के साथ मुगल फौजों के युद्ध की बात चारों ओर फैल चुकी

"आपके अन्दर सारी शक्तियां हैं जिन्हें अब आपको धारण करना है। एक बार जब आप इन्हें धारण करने लगेंगे तो आप हैरान रह जायेंगे कि एक संत, एक गुरु, एक व्यक्ति जिसे अपने गुरुत्व का आभास है, उसके सम्मुख कोई नहीं खडा हो सकता।"

INDORE HOUSING

'A' Class Construction of Bungalows by qualified engineers as per IS-Code of Civil Engineering.

Indore.
Ph. 0731- 2490953, 2490128

"राणा प्रताप एक बार जरा चूक गए क्योंकि बहुत परेशानी में थे। उनकी लडकी के लिए घाँस की रोटी बनाई, वो तक एक बिलाव उठा कर ले गया। इस को देख कर के; कहाँ राणा प्रताप जैसा आज कोई आदमी है? आपकी politics में, सब चोर बैठे हैं। तो जब वो उठा कर ले गई; बिल्ली, तो राणा प्रताप के मन में आया और वो चिट्ठी लिखने बैठे, शहंशाह को, कि मै आपके शरणागत हूँ। जैसे ही उन्होनें पढा, उनकी बीवी ने, उन्होनें भाला उठाकर लडकी को मारने के लिये दौडी। तो कहने लगे ये क्या कर रही हो? तो कहने लगीं कि इसको ही मार डालती हूँ जिसकी वजह से तुम ये सोच रहे हो। ये हमारे देश की औरतों का चरित्र है।.... लेकिन सहज योगियों की औरतें इसी तरह की होनी चाहिये और मर्द भी इसी तरह के होने चाहिये।"

सहजयोगियों के लिए भारतीय संस्कृति एव सभ्यता का महत्त्व, दिल्ली आश्रम, २७-३-८६

थी। युद्ध के बाद वापसी के समय लोग बदायूँनी को रोककर उससे हल्दीघाटी के युद्ध के बारे में पूछताछ करते रहे। बदायूँनी ने लिखा है कि जब वह कहता कि महाराणा परजित हो गए, तो उसकी बात पर विश्वास करने के लिये कोई तैयार नही होता था। राजपूताना में मानो कोई महाराणा प्रताप के पराजित होने की कल्पना भी नहीं कर सकता था।

शाही फौज की विशालता तथा उनके अपार साधनों को देखते हुए महाराणा ने युद्ध नीति में परिवर्तन किया। सम्मुख युद्ध की जगह छापामार युद्ध करना शुरू किया। किन्तु विशाल मुगल फौजों ने एक-एक करके मेवाड के सभी ठिकानों पर कब्जा कर लिया। महाराणा तथा उनके वीर सथियों को अरावली पर्वत श्रृंखला के पर्वतों तथा वनों में शरण लेना पडी।

जैसे ही मेवाड की मुहिम पर आया हुआ मुगल सरदार वापस जाता, महाराणा फिर सक्रिय हो जाते और अपना क्षेत्र फिर जीतना शुरू कर देते। मुहिम का प्रमुख उद्देश्य महाराणा को कैद अथवा समाप्त करना होता था। इन मुहिमों में सिपहसालार 'प्रताप नही तो मेवाड नही' जैसे क्रूर संकल्प भी लेकर आते थे, जिनके अंतर्गत आगजनी तथा हत्याकांडो का दौर शुरू कर दिया। लेकिन संकल्पित-समर्पित मेवाडी भीलों, मीणों आदी से महाराणा के विषय में कुछ भी न जान सके। कई बार ये विशालकाय तथा साधनसंपन्न फौजें महाराणा को पूर्णतः घेरने में भी सफल हो जाती किन्तु महाराणा चमत्कारिक ढंग से बच जाते। महाराणा प्रताप भी जानते थे कि गण उनके साथ है और वे ही उनकी रक्षा करते हैं।

महाराणा का शक्तिशाली चरित्र एक और घटना से उजागर होता है। अकबर के दरबारी मिर्जा खाँ (अब्दुर्रहीम खान खाना के नाम से प्रख्यात) अपने दल के साथ अजमेर से सिरोही आया। एक बार मिर्जा के शिकार पर गए होने की सूचना पाकर महाराणा के पुत्र कुँवर अमर सिंह ने हमला कर उसके ठिकाने को लुटने के साथ ही मिर्जा के जनानखाने को भी बन्दी बना लिया। किन्तु महाराणा नें उन्हें बहनों का दर्जा दिया और अमर सिंह को खुद उन्हें ससम्मान वापस छोड कर आने का निर्देश दिया। हलाँकि वे जानते थे कि इसमे अमर सिंह के लिए खतरा हो सकता था। इस घटना का मिर्जा पर गहरा प्रभाव पडा और उसने महाराणा के विरूद्ध किसी भी मुहिम में भाग न लेने का प्रण कर अपना तबादला करवा लिया। इस बीच महाराणा, उसके परिवार तथा सेना को कठिनतम परीक्षाओं का सामना करना पड रहा था। इसी विषय में एक घटना बहुत प्रसिद्ध है। वनों में खाने के लिये केवल जंगली फल, कंद अथवा घाँस की रोटी (घांस के छोटे-छोटे बीज पीसकर उसके आटे से बनी रोटी) ही उपलब्ध थे। जब एक बार उनकी भूखी बेटी के हाथ से एक बिलाव एकमात्र घाँस की रोटी भी छीनकर ले गया और वो रोने लगी, तो महाराणा को लगा कि अगर वे अकबर से संधि कर लें तो उनकी सन्तान-समान प्रजा, सेना, परिवार तथा सम्पूर्ण मेवाड के कष्ट दूर हो जाएँगे। श्रीमाताजी ने 'भारतीय सभ्यता और सस्कृति के महत्त्व' पर दिये भाषण में इस घटना के विषय में बताया है।

दस वर्षों तक निरन्तर सैनिक अभियानों मे करोडों रूपये और हजारो सैनिकों की आहूती देने के बाद भी महाराणा तथा उनकी सेना को समाप्त ना कर पाने से अकबर निराश था। मेवाड के कारण उसकी अन्य महत्वाकांक्षाओं की भी हानी हो रही थी। ऐसे में महाराणा प्रताप को कडवे घूँट की तरह निगलने के लिये विवश हो कर उसने मेवाड से ध्यान हटा लिया। अकल्पनीय सफलताओं की ऊर्जा से ओत-प्रोत महाराणा प्रताप पहाडों से निकल आए मेवाड का प्रायः सारा पराधीन भाग स्वतंत्र कर लिया और चावण्ड को राजधानी बनाकर मेवाड के पुनर्निर्माण में जूट गए। ग्यारह वर्षों तक शान्ति-पूर्वक मेवाड के विकास में संलग्न रहने के बाद महाराणा प्रताप का देहावसान हो गया।

महाराणा की सेना में भीलों का अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान रहा। तीर चलाने में निपुण भील महाराणा के लिये कुछ भी कर गुजरने के लिए तैयार थे। मन के निश्चल व सादे भील अवश्य ही महाराणा के प्रेम, विनम्रता तथा सामर्थ्य से अभीभूत हो उनके प्रति इतने समर्पित हुए होंगे। महाराणा के सैन्य मे भील नियमित योद्धा थे।

Ritu Mehra

Thank You Shri Mataji for your blessings & attention all the time and everywhere.

Tere Ishk Nachaya, Karke Thayyan Thayya

Almost all of Sahaja Yoga community is familiar with Sufi music in the form of Qawwalis. It is difficult to know if the music is more enchanting than the words. But Sufism is more than just folk music. Sufi devotion is the deepest and cleanest way to reach God by chanting His name (zikr) to achieve almost-thoughtless state (kaifiat) in the collective atmosphere (sama).

The Chistiya Sect of Sufism

Music became a major part of Sufi practices when Moinuddin Chisti came to Ajmer from Iran. Chisti saw Hindus worshipping God through the medium of music. So he went ahead and infused the tradition of singing to Allah and invoke the divine bliss. Thus Hazrat Moinuddin Chisti is the integrator of Iranian and Indian music into Chisti music. Chistis are direct descendents of Imam Hazrat Ali: The only incarnation of Shri Brahmadeva.

"They all talk about going there, but I know not where their Paradise is! They do not know the mystery of their own Self and they describe the Paradise."

- Kabir

Hazrat Nizamuddin Auliya

Nizamuddin Auliya was one of the major Sufis of the Chisti sect and is known to the world as "Dehelvi", because he lived in Delhi. Nizamuddin Auliya was one of the few who's ascent was higher than his fellow Sufi saints. He was known to have achieved the state of "Mahbubiyat: Direct connection with God in His Nirakar" Many of the yuvashaktis have discussed the benefits of getting a good education. A lesson can be drawn from an incident in Nizamuddin Auliya's life: As a student in Delhi (d. 1325) he met Baba Farid, another Sufi Saint and lecturer, and recognized Baba Farid as a true Master. He offered to quit his studies and join him as a student of spirituality, but Baba Farid gave some timeless advice: "Do both, until one of them predominates. A Sufi should have some measure of learning." Attending school or college and getting higher education is as essential for any of us.

Amir Khusro

Amir Khusro one of the four disciples of Nizamuddin Auliya to have achieved self-realization. Other three disciples got distracted from the path, even after getting it. Khusro's compositions have the quality of surrender in them, which

United Overseas Couriers Pvt. Ltd.
International Couriers
Palam-Gurgaon Road,
Dundahera, Gurgaon
E-mail: vocpl@rediffmail.com
Ph. 124-6439847,
6439877

he expressed by calling himself the bride and his divine master as the husband (Piya). Other Sufis, even males, will sing by referring to themselves as females, to bring out the quality of surrender. e.g. Khusro's couplet:

Khusrau raen suhaag ki, jaagi pi ke sung,
Tun mero mun pi-u ko, dovu bhaye ek rung.
[Khusrau (the bride) spends the eve of her wedding Awake with her beloved, (in such a way that) The body belongs to her, but heart to the beloved, The two become one.]

Apni chhab banaikay, jo main pi kay paas gayi
Chhab dekhi jab piyu ki so apni bhool gayi.
[With my beautiful face all adorned, when I went to the beloved, I saw his face, and forgot all about my own beauty.]

Sh. Suranjanji
M/s SHRI
SARVESHWARA
New Delhi

Khusrau baazi prem ki main khelun pi ke sung,
Jeet gayi to piya moray, haari, pi kay sung.
[I, Khusrau, play the game of love with my beloved, If I win, the beloved is mine, defeated, I'm beloved's.]

Sufis and the society

Sufi Shrines are found in many places in India and Pakistan in places like Kasur (Baba Bulleshah - Pakistan), Lahore (Data Ganj Baksh - Pakistan), Multaan (Rukunuddin Shah Alam - Pakistan), Delhi (Nizamuddin Auliya - India) and many more. Unfortunately the holy shrines in Pakistan have been converted to Public Mosques by the Pakistani governments to get gain popularity amongst the masses. Sufis, like any true saint or guru were condemned by the society and harassed away. Wahabis were explicitly against Sufis. These are the same Wahabis who claim to be Muslims without accepting Mohammad Sa'ab as the prophet! The reason for them hating Sufis was simple: Sufis simplified Islam for the masses and hence. Sarmad and Hallaj were Sufis who were killed by these negative forces (Sarmad's beheading is mentioned in the Qawwali - "Tum Ik Gorakh Dhanda Ho").

"यह अन्तिम निर्णय है। जो लोग सत्य को स्वीकार करेंगे, सत्य में रहेंगे और सत्य में उन्नत होंगे वे बच जायेंगे और बाकी सब नष्ट हो जायेंगे।"

Adi Guru Nanak and Kabirdasji

